# कागज कारखाना भोपालपटनम

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप बीजापुर जिले के ब्लाक मुख्यालय भोपालपटनम में कागज कारखाना स्थापित करना एक अत्यंत महत्वाकांक्षी औद्योगिक परियोजना है। जिससे आदिवासी बाहुल्य सहित नक्सली प्रभावित एवं औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े जिले बीजापुर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस कागज कारखाने के स्थापित होने पर जहां जिले में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध बांस का सदुपयोग होगा। वहीं उक्त कागज कारखाने के स्थापित होने के फलस्वरूप अन्य सहायक उद्योगों के स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा। इस कागज कारखाना में जिले के बेरोजगारों को रोजगार सुलभ होने के साथ ही सहायक उद्योगों के जरिये भी रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। चूंकि छत्तीसगढ़ का यह क्षेत्र सीमावर्ती पड़ोसी राज्य तेलंगाना एवं महाराष्ट्र से सीधे जुड़ा है, इस दृष्टि से भविष्य में परिवहन एवं आवागमन के साधनों का विस्तार होगा और इस क्षेत्र में व्यापार को बढ़ावा मिलने के फलस्वरूप एक बड़ी आबादी लाभान्वित होगी।

General Manager
District Trade and Industries Centre
Dist-Bijapur (C.G.)